RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 904/2026

Smt. Dharam Devi Alias Dharam Kaur, Wife Of Mr. Jasram Alias Jasraj,

----Appellant

Versus

Vijay Kumar Son Of Jasram Alias Jasraj,

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Pankaj Thakuria, Adv.<br>Mr. Vipul Sharda, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Aman Pareek, Adv. |

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**30/03/2026**

प्रत्यर्थी क्रम–2 व 3 की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री अमन पारीक उपस्थित आये, जिन्होंने निवेदन किया कि उनके द्वारा केवियट फाईल कर रखी थी, लेकिन पूर्व में दिनांक 24.02.2026 को उनका नाम दैनिक वाद सूची में अंकित नहीं होने से वे उपस्थित नहीं हो सके थे और उनकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय अन्तरिम आदेश पारित किया गया है, जिसके संबंध में गंभीर आपत्ति है।

अपीलार्थी को निर्देश दिया जाता है कि वे प्रत्यर्थी क्रम–2 व 3 के विद्वान अधिवक्ता को अपील ज्ञापन की प्रति उपलब्ध करावें।

अन्तरिम आदेश पर सुना गया।

प्रत्यर्थी संख्या–1 पर नोटिस तामील होना शेष है, सम्पूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व में पारित अन्तरिम आदेश मात्र आगामी पेशी तक विस्तारित किया जाता है, आगामी पेशी पर उक्त आदेश स्वतः समाप्त हो जायेगा। प्रत्यर्थी संख्या–1 की तामील हेतु अपील तथा स्थगन आवेदन के नोटिस सामान्य प्रक्रिया के साथ–साथ स्पीड पोस्ट से जारी किये जावें।

RAJASTHAN HIGH COURT

सामान्य प्रक्रिया से जारी होने वाले नोटिस अपीलार्थी को दस्ती उपलब्ध कराये जावें, जो संबंधित नजारत शाखा में प्रस्तुत किये जायेंगे तथा अपनी निशादेहीं से तामील करायी जावेगी। प्रत्यर्थी क्रम–1 की तामील में अरूचि पाये जाने पर आगामी पेशी पर अन्तरिम आदेश किसी भी सूरत में विस्तारित नहीं किया जायेगा।

प्रकरण दिनांक 26.04.2026 को सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

Mittal /36